||कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त आमेर उत्तर जयपुर||

क्रमांक :– 924 दिनांक : 03.04.2019

श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय,
जयपुर (उत्तर)।

विषय- परिवाद द्वारा श्री Gyanesh kumar, निवासी- 4/209, चित्रकूट ,वैशालीनगर, जयपुर के संबंध में।
प्रसग- राजस्थान सम्पर्क पोर्टल क्रमांक 03190675325768 दिनांक 25.03.2019 की पालना में

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगीय परिवाद राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर परिवादी श्री Gyanesh kumar, निवासी- 4/209, चित्रकूट ,वैशालीनगर, जयपुर का प्रमुख समाचार पत्र दैनिक भास्कर मे प्रकाशित खबर शीर्षक आँटो चोरी हुआ तो रात तीन बजे थाने पहुँचा मुरली, कांस्टेबल बोला - सुबह 8 बजे आना के सम्बंध मे प्राप्त होने पर परिवाद की जाँच व कार्यवाही हेतु थानाधिकारी ब्रहम्पुरी को प्रेषित कर रिपोर्ट प्राप्त की गई तो अपनी रिपोर्ट से अवगत कराया कि दिनांक- 07.03.2019 को थाना हाजा पर रात्री के समय एक स.उ,नि., दो एच.सी व चार कानि. मौजूद थे तथा आँटो चोरी होने के संबंध मे श्री मुरली जायसवाल द्वारा थाने पर आकर आँटो चोरी होने की मौखिक सुचना दी गई जिस पर परिवादी से आँटो के रजि. न. की जानकारी चाही तो याद नही होना बताया व रिपोर्ट देने को कहा तो कहा कि आर.सी से आँटो के नम्बर देखकर रिपोर्ट दूँगा। इस संबंध मे परिवादी द्वारा दी गई सुचना के आधार पर रात्री एच.एम द्वारा रात्री गस्त जाप्ता, चेतक जाप्ता, सिग्मा , रात्री डीओ व रात्री मे चल रही नाकाबंदी जाप्ता को भी उक्त सुचना के संबंध मे अवगत कराया गया व आटो की तलाश की गई तो पास ही जागेश्वर मंदिर ब्रहम्पुरी के पास आटो की तलाश कर मालिक श्री मुरली जायसवाल को सुपुर्द किया गया व रिपोर्ट देने बाबत कहा तो परिवादी ने कहा कि मुझे मेरा आटो मिल गया है मै कोई रिपोर्ट नही देना चाहता हूँ।

जाँच रिपोर्ट वास्ते अवलोकनार्थ श्रीमान की सेवा मे सादर प्रेषित है।

भवदीय

(बृजेन्द्र सिह भाटी RPS)
सहायक पुलिस आयुक्त
आमेर जयपुर (उत्तर)